वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में टूरिजम को ग्रोथ इंजन बनाने का लक्ष्य

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : 2047 तक पर्यटन का राज्य की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में योगदान 5 प्रतिशत तक बढ़ाने, देश के पर्यटन जीवीए में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत करने, पर्यटक आगमन को 100 करोड़ से अधिक पहुंचाने और प्रदेश को देश के शीर्ष तीन पर्यटन राज्यों में शामिल करने की दिशा में काम किया जा रहा है। ये बातें बुधवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहीं। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के अनुरूप पर्यटन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पर्यटन मंत्री ने बैठक कर अधिकारियों के साथ तय किया 2047 का टारगेट

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पास धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्यटन की संभावनाएं हैं। अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात ने बताया कि नई पर्यटन नीति के तहत अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक केंद्रों के साथ-साथ उभरते पर्यटन स्थलों का भी समग्र विकास किया जा रहा है। बैठक में महानिदेशक पर्यटन डॉ.वेदपति मिश्रा, विशेष सचिव ईशा प्रिया, यूपीएसटीडीसी के एमडी आशीष कुमार भी मौजूद रहे।